रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25042022-235349
CG-DL-E-25042022-235349

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1831] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 25, 2022/ वैशाख 5, 1944
No. 1831] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 25, 2022/VAISAKHA 5, 1944

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 25 अप्रैल,2022

का.आ. 1924(अ).—प्रारुप अधिसूचना, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, संख्या का.आ. 4064 (अ), तारीख 1 अक्तूबर, 2021, द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनकी उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 4 अक्तूबर, 2021 से उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युतर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार किया गया था;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य असम राज्य के कछार जिले और दीमा हसाओ जिले में भारतीय उप-क्षेत्र और इंडो-चीन उप क्षेत्र के बीच अन्तर्वर्ती जोन पर बारेल पहाड़ी श्रेणी में स्थित है, जो सिलचर शहर से 25 किलोमीटर दूर स्थित है और दक्षिणी भाग से चाय बगानों से घिरा हुआ है;

और, असम राज्य के कछार जिले में स्थित बारेल वन्यजीव अभयारण्य बारेल रिज़र्व वन (89.7975 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल सहित सं. 2337 आर तारीख 16 जून, 1902 के द्वारा आरक्षित वन रूप में अधिसूचित) और उत्तर कछार रिज़र्व वन (239.905 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल सहित सं. 5412 आर तारीख 15 दिसंबर, 1915 के द्वारा आरक्षित वन के रूप में अधिसूचित) से युक्त है और अक्षांश 24°58' उ से 25°5' उ देशांतर और 92°46' से 92°52' पू की

भौगोलिक सीमाओं में स्थित है और 326.255 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है और इसे असम सरकार की अधिसूचना सं. एफआरडब्ल्यू.11/2004/25 तारीख 19 जून, 2004 के द्वारा वन्यजीव अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया है;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य उत्तर-पूर्व भारत जैव-भौगोलिक जोन (9) के उत्तर पूर्व पहाड़ियों (9बी) में है और अभयारण्य पूर्व व्युत्पत्ति के भारत उप-क्षेत्र और इंडो-चीन उपक्षेत्र के बीच अन्तर्वर्ती जोन पर स्थित है, और चैम्पियन और सेठ वर्गीकरण के अनुसार वन प्रकार में 1 बीसी 3-कछार उष्णकटिबंधी अर्ध सदाहरित, आर्द्र सदा हरित केन ब्रेकस् (1बीसी3ई1), माकरंगो मल्लोटस् ट्रेमा संबंध (1/2एस1), आर्द्र बांस ब्रेकस (2/2एस1), उष्णकटिबंधी पहाड़ी घाटी दलदल वन (आई/एस2) और बरिंगटोनिया दलदल वन (एसएस2) शामिल हैं;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य की वनस्पति जैव-विविधता में वृक्षों की इक्यासी प्रजातियां और बांस की आठ प्रजातियां और जड़ी-बूटी और झाड़ियों की कई प्रजातियां शामिल हैं। बारेल वन्यजीव अभयारण्य में उपलब्ध वनस्पति की कुछ प्रजातियां में एक्यूलारिया एगाल्लोचा (अगर), स्पोंडिया मैंगेफेरा (अमोरा), विटेक्स प्रजाति (अवल), इल्कोकाप्ररू ग्लोरिबंदुस (जलपाई), सैपियम बाक्कातम (बेल्ला), एल्स्टोनिया स्कॉलारिस (चैटिम), हिबिस्कस मैक्रोफुल्लुस (चामिया), आर्टोकार्पुस लाकूचा (देवा), डिप्टेरोकार्पुस तुरबुनातुस (गरजान), टर्मिनालिया चेबुला (हरतकी), बैरिंटोनिया एकुटांगुला (हिजाल), स्टेर्कुलिया अलाटा (जंगली बादाम), पोडोकार्पुस नेरिफोलिया (जिनारी), गेरूगो पिन्नाटा (कयेंगला), आर्टोकार्पुस इंटीग्रिफोलिया (कटाल), फ्लाकोउर्टिया कटाफराक्टु (लुकुकी), अल्बिज्जिया स्पा (मोराई), साइनोमेट्रा पोल्यांड्रा (पिंग), अमोरा वाल्लिचि (राटा), अल्बिज्जिया प्रोकेरा (सिरिस), लोफोफेटालुम फिम्बरियातुम (सुत्रोंग), आदि हैं;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य असम राज्य की बराक घाटी में एकमात्र संरक्षित क्षेत्र है जहां समृद्ध जैव-विविधता और वन्यजीवों के लिए वास है और अन्य जीवों के साथ साथ स्तनधारियों की उन्नीस प्रजातियों, प्राइमेट की आठ प्रजातियों, पक्षियों की दो सौ पचास प्रजातियों, उभयचरों की तेईस प्रजातियों और सरीसृपों की तैंतालीस प्रजातियों को आश्रय प्रदान करता है जो कि विश्वव्यापी रूप से दुर्लभ, अति संवेदनशील और लुप्तप्राय प्रजातियां हैं। बारेल वन्यजीव अभयारण्य से मुख्य जीवजंतु मानिस पेंटाडैक्टाइला (चीनी पैंगोलिन), पटेरोपुस गिगांटेउस (उड़न गिलहरी), नयक्टिचुस कौकांग (स्लो लोरिस), मकाक आर्क्टोइड्स (स्टम्प टैल्ड मैकाक), मकाक नेमेस्टरिना (पिंग टेल्ड मकाक्यू), मकाका एस्सामेंसिस (असमी मकाक), मकाना मुलाट्टा (रीसस मकाक), प्रेस्बिटिस पिलेअतुस (कैप्पेड लंगूर), होल्यबाटेस हूलॉक (हूलॉक गिब्बोन), उर्सुस थिबेटानुस (एशियाई काला भालू), अरक्टोनिक्स कोल्लारिस (होग बेजर), फेलिस चाउस (जंगली बिल्ली), एफ.बेंगालेंसिस (तेंदुआ बिल्ली), एफ. विवेर्रिनुस (फिशिंग बिल्ली), एफ. मार्मोराटा (मारब्लेड बिल्ली), एफ. टेंमिंचि (गोल्डन बिल्ली), नेओइफेलिस नेबुलोसा (क्यूडेड तेंदुआ), पेन्थेरा प्रड्यूस (तेंदुआ), सुस स्क्रोफा (जंगली सुअर), केपरीकोर्निस सुमात्राएंसिस (सेरोव), रतुफा बिकोलोउर (मालायन जिआंट गिलहरी), कल्लोस्किउरूस पाइगेरिथ्रस (इर्रावैडी या हिमालयन होर्नय-बेल्लिइड गिलहरी), रहीजोम्यस परूइनासुस (होअरय बाम्बू बिल्ली), हाइटिक्स ब्राच्यराना (क्रेस्टलेस्स हिमालयन साही), रोउसेट्टास उसेहेनाउल्टी (फ्रूट बेट), मुस बूडुया (फिल्ड माउस), ब्लांडुस ब्लांडफोरडी (वुड रैट), विवेर्रा जिबेथा (भारतीय सिवेट), केरवुस यूनिकोटोर (साम्बर), कन्नोमयस बाडिउस (बम्बू रेट), तलपा मिकरूरा (मोल), केरवुस पोर्सिनस (हॉग डियर), नेमोरहाक्डुस स्प्पा. (घोरल), कैनिस ऑवेनुस (सियार), लुत्रा लुत्रा (सामान्य ओटर), आदि अभिलिखित की गई हैं;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य अत्यधिक अनुसंधान, मनोरंजनात्मक और शैक्षिक मूल्य रखता है और सीमांत क्षेत्रों में जैविक दबाव में वृद्धि अभयारण्य के वास को प्रभावित कर सकती है;

और, बारेल वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र, विस्तार और सीमाएं जिसे पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में इस अधिसूचना के उपर्युक्त पैरा में विनिर्दिष्ट किया गया है, सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उपधारा (1), धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राज्य के कछार जिले में बारेल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 3

किलोमीटर तक विस्तारित, क्षेत्र को बारेल वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं.-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार बारेल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 (शून्य) से 3 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 596.311 वर्ग किलोमीटर है। संरक्षित क्षेत्र के पश्चिमी भाग में मेघालय राज्य के साथ अंतर-राज्यीय सीमा के कारण संरक्षित क्षेत्र से पारिस्थितिकी संवेदी जोन का शून्य विस्तार सीमित करने को प्रमुख रूप से उचित ठहराया गया है। इसके अतिरिक्त, संरक्षित क्षेत्र सीमा के निकटस्थ में तेल और प्राकृतिक गैस की उपस्थिति और प्रत्याशित है, जिसके मद्देनज़र तेल और प्राकृतिक गैस की सुरक्षित खोज और ड्रिलिंग के लिए उपायों को उपाबंध–V में निर्धारित किया गया है।

(2) बारेल वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण उपाबंध -I के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांशों और देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए बारेल वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र उपाबंध–IIक और उपाबंध –IIख के रूप में संलग्न है।

(4) बारेल वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू- निर्देशांकों की सूची उपाबंध-III की सारणी क और सारणी ख में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं पर भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची उपाबंध-IV के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, क्षेत्रीय निवासी के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी और राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित करवाएगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं, के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार की जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी.-

(i) पर्यावरण और वन;

(ii) पर्यटन;

(iii) कृषि

(iv) बागवानी;

(v) नगरपालिका;

(vi) राजस्व;

(vii) लोक निर्माण विकास;

(viii) शहरी विकास;

(ix) ग्रामीण विकास;

(x) जल संसाधन, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(xi) पंचायती राज; और

(xii) असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सहायक मानचित्रों के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा के साथ निर्धारण किया जाएगा और योजना में मौजूदा और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी दर्शाया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकासात्मक क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए प्रक्रिया प्रदान की जाएगी और सारणी में यथासूचीबद्ध पैरा 4 में प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

(10) आंचलिक महायोजना विचाराधीन अनुमोदन और किसी भी नई विकासात्मक क्रियाकलाप का पैरा 6 के उप-पैरा (3) और (4) में निर्दिष्ट प्रावधानों द्वारा नियमित होगा।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) भू-उपयोग.– (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुमत नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर ऊपर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और असम नगर और ग्राम योजना अधिनियम, 1959 (1959 का अधिनियम 02) तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत किया जाएगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) पैरा-4 के अधीन बढ़ावा दिए गए क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि असम नगर और ग्राम योजना अधिनियम, 1959 (1959 का अधिनियम 02) तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुमत नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा;

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में वनीकरण से पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों की बहाली के कार्यकलापों के प्रयास किए जाएंगे।

(2) प्राकृतिक जल निकाय.- सभी प्राकृतिक जलमार्गों के जलग्रहण क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश इस रीति से तैयार किए जाएंगे कि उसमें ऐसे क्षेत्रों में या उसके पास विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध और निर्बंधित किया जा सके जो ऐसे क्षेत्रों के लिए हानिकारक हो।

(3) पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.– (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना केंद्र शासित प्रदेश सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से पर्यटन केंद्र शासित प्रदेश विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना, आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगाः

परंतु यह, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों, समय-समय पर यथा संशोधित, के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का निर्माण अनुमत नहीं होगा ।

(4) प्राकृतिक विरासत.– पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) मानव निर्मित विरासत स्थल.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) ध्वनि प्रदूषण.- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण किया जाएगा।

(7) वायु प्रदूषण.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(8) बहिस्राव का निस्सरण.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में शोधित बहिस्राव का निस्सरण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सरण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) ठोस अपशिष्ट.- ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जायेगा।

(10) जैव चिकित्सा अपशिष्ट.- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में अभिज्ञात प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत किया जाएगा।

(11) प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्यांक सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) ई–अपशिष्ट.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) वाहन-यातायात.- वाहन-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार वाहन-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) वाहन जनित प्रदूषण.- वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) औद्योगिक ईकाइयां.- (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.- पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र.सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	(2)	(3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन, मृदा उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगी। (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के तारीख 4 अगस्त ,2006 के आदेश और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल ,2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	नई आरा मिलों विनर मिलों एवं अन्य, काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों के विस्तार के लिए अनुमति नहीं होगी ।
3.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगी: परंतु, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी समय-समय पर यथा संशोधित मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।

IndiaCode

4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	प्रतिषिद्ध।
5.	बृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	प्रतिषिद्ध।
6.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	प्रतिषिद्ध।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सरण ।	प्रतिषिद्ध।
8.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	प्रतिषिद्ध।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	प्रतिषिद्ध।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
10.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
11.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिर्सोटो की स्थापना अनुमत नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुसार होगा ।
12.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकॉप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस, आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
13.	निर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक निर्माण अनुमत नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए निर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी: परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित निर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे ।

		(ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	सतही और भू जल का वाणिज्यिक रूप से निष्कर्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा) होगा।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनीकरण उपाय किए जाएंगे।
17.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
18.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में शोधित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सरण ।	जल निकायों में शोधित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सरण से बचा जाएगा और शोधित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा शोधित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सरण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी, समय-समय पर यथा संशोधित उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागवानी या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
23.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	सुरक्षा बल शिविर या सेना प्रतिष्ठान।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ न्यूनीकरण उपाय करना।
28.	फर्मों, कारपोरेट और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे।
29.	कृषि और अन्य उपयोग के लिए खुला कुंआ, बोर कुंआ, आदि ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

30.	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन हेतु पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
31.	कृषि व्यवस्था में परिवर्तन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
32.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
33.	नदियों और प्राकृतिक जल निकायों में मछली पकड़ना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
34.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	लागू विधियों के अधीन अनुमत होंगे।
35.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश, इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	अवक्रमित भूमि या वनों या पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
44.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन केन्द्रीय सरकार एतद्वारा एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:

क्र.सं.	**निगरानी समिति का गठन**	**पद**
(i)	उपायुक्त, कछार	अध्यक्ष, *पदेन*;
(ii)	प्रमुख सचिव (एन), उत्तर कछार पहाड़ी स्वायत्तशासी परिषद, हाफलोंग के प्रतिनिधि	सदस्य;
(iii)	संभागीय वनाधिकारी, करीमगंज संभाग	सदस्य, *पदेन*;
(iv)	संभागीय वनाधिकारी, दिमा हसाओ (पश्चिम) वन संभाग	सदस्य, *पदेन*;

(v)	क्षेत्रीय कार्यकारी अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिलचर	सदस्य, *पदेन*;
(vi)	उप मुख्य अभियंता, एन.एफ. रेलवे, सिलचर	सदस्य, *पदेन*;
(vii)	कार्यपालक अभियंता, एन.एच. संभाग, सिलचर	सदस्य, *पदेन*;
(viii	जिला परिवहन अधिकारी, कछार	सदस्य, *पदेन*;
(ix)	जिला कृषि अधिकारी, कछार	सदस्य, *पदेन*;
(x)	जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, कछार	सदस्य, *पदेन*;
(xi)	जिला मत्स्य विकास अधिकारी, कछार	सदस्य, *पदेन*;
(xii)	महाप्रबंधक, डीआईसीसी, कछार	सदस्य, *पदेन*;
(xiii)	राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा	सदस्य;
(xiv)	राज्य सरकार द्वारा मनोनीत गैर सरकारी संगठन (पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत) का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(xv)	संभागीय वनाधिकारी, कछार संभाग	सदस्य-सचिव, *पदेन*

6.विचारार्थ विषय.- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल अगले आदेश होने तक होगा, परंतु यह कि समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जाएगा।

(3) ऐसे क्रियाकलापों जिन्हें भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित किया गया है और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय, आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उन्हें उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना की अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित उपायुक्तों ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले में आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट, राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, उपाबंध VI में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार निगरानी समिति को उसके कार्य-कलापों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. अतिरिक्त उपाय.- इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

IndiaCode

8. उच्चतम न्यायालय, आदि के आदेश.- इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेशों, यदि कोई हों, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/181/2015-ईएसजेड-आरई]

तन्मय कुमार, अपर सचिव

उपाबंध- I

असम राज्य में बारेल वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पूर्व: पारिस्थितिक संवेदी जोन की पूर्वी सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 1 (92° 52' 36.494" पू, 25° 5' 2.012" उ), से आरंभ होती है, जी.पी.एस बिंदु सं. 1 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 2 (92° 53' 8.792" पू 25° 4' 42.736" उ) से 15 (92° 52' 41.651" पू 24° 57' 37.742" उ) को पार करके दक्षिण की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं.16 (92° 52' 14.279" पू, 24° 57' 12.998" उ) से मिलती है।

दक्षिण: जी.पी.एस बिंदु सं. 16 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 17 (92° 51' 37.015" पू 24° 57' 3.113" उ) से 26 (92° 46' 4.803" पू 24° 57' 33.555" उ), को पार करके पूर्व की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं.27 (92° 45' 27.423" पू, 24° 57' 41.195" उ). से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 27 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 28 को पार करके उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 29 (92° 45' 23.668" पू, 24° 59' 2.527" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 29 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं.30 (92° 45' 14.741" पू 24° 59' 4.976" उ) से 36 (92° 44' 51.882" पू 25° 0' 25.316" उ) को पार करके राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं.37 (92° 45' 13.615" पू, 25° 0' 37.617" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 37 से सीमा जतींगा नदी को पार करके पूर्व की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 38 (92° 44' 56.565" पू, 25° 0' 43.941" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं.38 से सीमा एन एफ रेलवे के साथ दक्षिण की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं.39 (92° 44' 13.767" पू, 25° 0' 31.680" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 39 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 40 (92° 43' 46.943" पू 25° 1' 5.416" उ) से 52 (92° 37' 43.348" पू 24° 59' 57.798" उ) को पार करके पूर्व की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 53 (92° 36' 47.973" पू, 25° 0' 9.067" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 53 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 54 को पार करके लारंग नदी के साथ उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 55 (92° 37' 14.070" पू, 25° 0' 34.279" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 55 से सीमा लारंग नदी को पार करके पश्चिम की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 56 (92° 37' 6.727" पू, 25° 0' 36.774" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 56 से सीमा लारंग नदी के साथ दक्षिण की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 57 (92° 36' 53.661" पू, 25° 0' 12.418" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 57 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 58 (92° 36' 15.937" पू 25° 0' 19.032" उ) से 66 (92° 31' 44.823" पू 25° 0' 15.833" उ) को पार करके पश्चिम की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 67 (92° 30' 46.097" पू, 25° 0' 52.365" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 67 से सीमा गुमरा नदी के साथ उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 68 (92° 31' 5.141" पू, 25° 1' 24.051" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 68 से सीमा गुमरा नदी को पार करके पश्चिम की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 69 (92° 31' 2.780" पू, 25° 1' 28.344" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 69 से सीमा गुमरा नदी के साथ दक्षिण की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 70 (92° 30' 40.834" पू, 25° 0' 58.514" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 70 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 71 (92° 30' 35.137" पू 25° 1' 6.428" उ) से 74 (92° 28' 44.892" पू 25° 0' 9.740" उ) को पार करके पश्चिम की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 75 (92° 27' 45.539" पू, 25° 0' 22.020" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं.75 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 76 को पार करके नदी के साथ उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 77 (92° 28' 4.944" पू, 25° 0' 53.762" उ) से मिलती है। जी.पी.एस बिंदु सं. 77 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 78 (92° 27' 25.103" पू 25° 1' 1.606" उ) से 80 (92° 26' 9.859" पू 25° 0' 25.834" उ) को पार करके पश्चिम की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 81 (92° 25' 32.166" पू, 25° 0' 30.823" उ) से मिलती है।


पश्चिम: जी.पी.एस बिंदु सं. 81 से सीमा उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 82 (92° 25' 33.749" पू, 25° 1' 6.598" उ) से मिलती है जो कि वन्यजीव अभयारण्य सीमा में स्थित है। जी.पी.एस बिंदु सं. 82 से सीमा जी.पी.एस बिंदु सं. 83 (92° 25' 37.675" पू 25° 1' 31.338" उ) से 98 (92° 28' 47.001" पू 25° 5' 53.586" उ) को पार करके वन्यजीव अभयारण्य सीमा के साथ उत्तर की ओर जाती है और जी.पी.एस बिंदु सं. 99 (92° 28' 49.357" पू, 25° 6' 28.548" उ) से मिलती है।

